
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जवानों को ज्यादा कीमत चुकाने को होना पड़ रहा है मजबूर

**दिक्कतें**

## सड़क बन गई मगर सीमा पर बसे जवानों का सामान अभी भी खच्चरों के सहारे जा रहा ढोया

बीआरो को पत्र लिखकर कई बार मामले से अवगत कराया गया है

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। व्यास घाटी में चीन सीमा तक सड़क बनने के बाद भी आईटबीपी का सामान अभी भी घोड़े खच्चरों से ढोया जा रहा है। आलम यह है कि वाहनों की जगह खच्चरों से सामग्री का ढुलान करवाना जवानों के लिए खासा मंहगा साबित हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक गर्बाधार से लिपुलेख तक सड़क का उदघाटन आठ मई को हो गया था। बता दें कि कुछ दिन सीमा पर बसे जवानों का सामान वाहनों के माध्यम से पहुंचाया गया। वही फिर से जवानों के सामने मजबूरी हो गई है कि उनको अपना जरूरती सामान घोड़े व खच्चरों के सहारे लाने को विवश होना पड़ रहा है।

दूसरी ओर यह सामान बाया सिर्खा गाला होते हुए गुंजी ले जाया रहा है। ऐसे में सीमा पर बसे सेना व अर्द्धसैनिक जवानों के सामने ये परेशानी सामने आ खडी हो गई है।



इससे पूर्व कुछ दिनों तक सीमा पर बसे दोनों बलों के जवानों को सामग्री लेने व लाने में सीधे आसानी होती थी। जितने दिन तक क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही आसानी से हो रही थी तो सीमा पर बसे जवानों को उनका सामान सीधे वाहनों के माध्यम से गुजी होते हुए उन तक पहुंचाने में आसानी होती थी। इस संबंध में जवान लिखित रूप में भी पत्र मोदन कर चुके है। अब तक उनकी समस्या का समाधान नही हो पाया है।

वर्तमान में घोड़े व खच्चरों के माध्यम से जवानों का सामान बाया मांगती होते हुए नज्यांग मालपा होते हुए गुंजी पहुंचाने से दुगने से भी ज्यादा कीमत जवानों को अपने सामान के लिए चुकानी पड़ रही है।

वही सीमा पर बसे जवानों की समस्या को देखते हुए सीमांत के स्थानीय लोग भी आगे आये है। इस मामले पर बीआरो को पत्र व कई बार अवगत कराने के बाद भी यह समस्या जस की तस बनी हुई है। वही जवानों ने भी इस मसले पर अब तक कोई ठोस पहल नही हो पाने के कारण संदेह जताना शुरू कर दिया है।

## न्यूज डायरी

### बी.एड एंव स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को अवसर दिए जाने को ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के द्वारा प्रवक्ता भर्ती में बी.एड एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को अवसर दिए जाने के संबंध में सचिव उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार को जिलाधिकारी देहरादून के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया और इस दिशा में जल्द ही कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस अवसर पर ज्ञापन लेने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी आशीष वर्मा को संगठन ने ज्ञापन देते हुए कहा कि यदि लोक सेवा आयोग एक सप्ताह के भीतर इस विषय को लेकर छात्रों से संवाद कर इसका समाधान नहीं करता है तो उत्तराखंड बेरोजगार संघ लोक सेवा आयोग हरिद्वार के कार्यालय के बाहर सत्याग्रह करने को मजबूर होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### कोरोना टेस्ट के निःशुल्क शिविर का पूर्व विधायक राजकुमार ने किया उदघाटन

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड–19 के चलते जागरूकता अभियान चलाया गया और इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने कोविड 19 के कोरोना टेस्ट का निःशुल्क शिविर का उदघाटन रविदास मंदिर अंबेडकर कॉलोनी नालापानी रोड़ में किया। यहां सीएमओ कार्यालय के तत्वावधान में निःशुल्क कोविड 19 जांच शिविर का आयोजन किया गया और इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने रिबन काटकर कोरोना टेस्ट शिविर कैंप का उद्घाटन किया और क्षेत्र वासियों से अपील की है कि कोविड–19 की महामारी को रोकने के लिए जागरुकता जरूरी है।

### मेयर ने महिलाओं को किया सम्मनित

**संवाददाता** देहरादून। दून महिला शक्ति ट्रस्ट ने कम्बोज वेडिंग प्वाईट मथुरावाला देहरादून में अपनी वार्षिक कार्यक्रम व सर्टीफिकेट वितरण में अपनी समस्त सदस्यों द्वारा इस कोरोना काल से पहले व अभितक समस्त कार्यो को भली–भांति किए जाने पर सम्मनित किया इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय श्री उनियाल गामा जी द्वारा किया गया व इस कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आचर्य डा. सुशांत राज, तनवीर सिंह, मीनू आले, खेम जी, डा. नफीस साहब, नोमान जमाल, डा. जिया उद्दीन शेख, डा. डी कुमार, धीरज अरोरा जी, पूनम जी, इस कार्यक्रम में दून महिला शक्ति ट्रस्ट की तसनीमा कौसर द्वारा अपने सभी सदस्यों प्रेसिडेंट पवन क्षेत्री, वाइस प्रेसिडेंट बीना क्षेत्री, ट्रेजर पिंकी दास, ट्रस्ट एडवोकेट शाइस्ता कौसर के साथ अपने अन्य सदस्य चम्पा थापा, माया थापा, पूनम थापा, आशा थापा, आदि द्वारा किया गया।

## पीपलकोटी पहुंच सीएम ने दी श्रद्धांजलि, सड़क हादसे में गई थी जान

**संवाददाता** चमोली / देहरादून। देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बद्री केदार मंदिर समिति के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री मोहन प्रसाद थपलियाल जी और ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुलदीप चौहान के आकस्मिक निधन पर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन प्रसाद थपलियाल का जाना पार्टी के लिए बहुत बडी क्षति है। उन्होंने कहा कि उनके स्वयं के लिए भी यह बडी व्यक्तिगत क्षति है। क्योकि जब कभी भी हम किसी मुद्दे पर राय मसवरा करते थे वो तटस्थ भाव से बडी संतुलित राय देते थे। जिसमें सबकी भलाई निहित रहती थी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन प्रसाद थपलियाल और ओबीसी के जिला अध्यक्ष का अचानक जाना बेहद दुःखद है और पार्टी के लिए बहुत बडी क्षति है। इस दौरान मुख्यमंत्री दोनों दिवंगत आत्माओं के परिजनों से भी मिले और उनको सांत्वना देते हुए ढांढस बधाया।



# बंद मोटर मार्ग को खोलने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों का दबाव काम आया

**संवाददाता**

**15 दिन के भीतर मोटर मार्ग को खोलने पर सहमति बनी**

मुनस्यारी। मुनस्यारी से हरकोट तक बने बंद मोटर मार्ग को खोलने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों का दबाव काम आया। प्रशासन व पीएमजीएसवाई के अफसरो ने आज मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग का निरीक्षण किया। 15 दिन के भीतर मोटर मार्ग को खोलने पर सहमति बनी। इस पहल के बाद 13 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन की घोषणा को स्थगित कर दिया।

दैवीय आपदा से हरकोट मोटर मार्ग छः माह से बंद चल रहा है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने मोटर मार्ग बंद होने से परेशान जनता की आवाज को बुलंद करते हुए 13 को धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह ने पीएमजीएसवाई के अफसरो की क्लाश लगायी। पीएमजीएसवाई के सहायक अभियंता महेश्वर आर्या, प्रभारी नायब तहसीलदार भुवन लाल वर्मा ने जिपं सदस्य मर्तोलिया के साथ पैदल चलकर मोटर मार्ग की स्थिति को देखा। उसके बाद पीएमजीएसवाई के सहायक अभियंता आर्या ने लिखकर दिया है कि 15 दिन के भीतर हरकोट से प्रस्तावित दूसरे पुल तक हल्का वाहन के लिए मोटर मार्ग खोल दिया जायेगा।

पुल के अपाटमेंट बनने के बाद इस स्थान पर भी हल्का वाहन के लिए मोटर मार्ग खोल दिया जाएगा। सहायक अभियंता ने बताया कि मोटर मार्ग की स्थिति बेहद खराब है. चीफ इंजीनियर ने इस मोटर मार्ग का भू–गर्भीय सर्वे करने के आदेश भी दिए है ताकि डेंजर जौन में सुरक्षा कार्य भू– वैज्ञानिक की राय के अनुसार किया जा सके। पुल निर्माण के कार्य में तेजी लाने व हर हफ्ते कार्य प्रगति देने के लिए अवर अभियंता को निर्देश दिए।

मर्तोलिया ने बताया कि प्रशासन ने तत्परता से समस्या का समाधान करने की पहल की है, इसके लिए उपजिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित करते है कहा कि जनता को केसै सहूलियत मिले, इस पर हमारा फौकस है. हम बातचीत से ही समस्या का हल चाहते है।

## बेरोजगार रोजगार के अभाव में कर रहे आत्महत्याः बौडाई

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल के जिलाध्यक्ष विजय कुमार बौड़ाई ने कहा कि वर्तमान सरकार सिर्फ समाचार पत्रों में ही रोजगार के दावे कर रही है हकीकत में आज राज्य के बेरोजगार रोजगार के अभाव में आत्म हत्या कर रहे हैं या राज्य से पलायन कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है। बौड़ाई ने राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया है कि सरकार सिर्फ अपने चहेतों के रोजगार हेतु कार्य योजना बना रही है जबकि बेरोजगार राज्य में खुद को ठगा सा महसूस कर रहे है। समाचार पत्रों के माध्यम से सिर्फ अपने प्रचार में राज्य सरकार करोड़ों रुपये का नुकसान राज्य के नागरिकों का कर रही है। बौड़ाई ने कहा कि सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के इशारे पर काम कर रही है या सिर्फ उच्च अधिकारियों के हित मे राज्य के मूल निवासियों के साथ विश्वासघात करने पर तुली है इसका ताजा उदाहरण सैन्य अधिकारियों का गृहकर माफ करके दिखा दिया जबकि जेसीओ या इससे जूनियर रैंक धारियों का गृहकर माफ नही किया गया है जबकि राज्य सैनिक बहुल प्रदेश है।